# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 31.05.2026 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की पश्चिम बंगाल में तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी पर हमले की निंदा, दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी हमले को बताया गलत।**
2. **राज्य में दो सीटों पर होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज, महागठबंधन का दावा – दोनों सीटें जीतने के लिए है पर्याप्त संख्या बल, एनडीए ने कहा– पूरे दमखम के साथ लड़ेंगे।**
3. **केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल करेंगे राष्ट्रव्यापी खेत बचाओ अभियान का शुभारंभ, झारखण्ड समेत सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से इस अभियान में शामिल होने का किया अनुरोध।**
4. **मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकतर जिलों में छह जून तक गर्जन, वज्रपात और तेज हवाएं चलने की जताई आशंका, येलो अलर्ट जारी।**

**और**

5. **अहमदाबाद में आईपीएल क्रिकेट के खिताबी मुकाबले में अब से कुछ देर में गुजरात टाइटन्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु होंगे आमने–सामने।**

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आकाशवाणी से **'मन की बात'** कार्यक्रम में देशवासियों से भीषण गर्मी के मौजूदा मौसम के दौरान अत्यधिक सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि आम लोग सरकारी दिशा–निर्देशों का जरूर पालन करें।

प्रधानमंत्री ने लोगों को गर्मी से राहत के लिए आम पन्ना, छाछ, लस्सी, सत्तू, शरबत, बेल पन्ना, पनाकम, नीर मोर, सांभरम, कोकम शरबत और सोल कढ़ी का सेवन करने का सुझाव दिया है।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पश्चिम बंगाल में तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी पर कल हुए हमले की निंदा की है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री सोरेन ने कहा है कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन हिंसा और हमले के लिए कोई स्थान नहीं है। मुख्यमंत्री ने इस घटना के दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। इधर, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी इस हमले को गलत बताया है।

*********************

राज्य में दो सीटों पर होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो चुकी है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने दावा किया है कि महागठबंधन के पास राज्यसभा की दोनों सीटें जीतने के लिए पर्याप्त संख्या बल है।

इधर, भाजपा के प्रदेश महामंत्री अमर बाउरी ने कहा है कि पार्टी पूरे दमखम के साथ राज्यसभा चुनाव लड़ेगी।

*********************

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल राष्ट्रव्यापी **खेत बचाओ अभियान** का शुभारंभ करेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य उर्वरकों का संतुलित और विवेकपूर्ण उपयोग, मौसम संबंधी चुनौतियों को देखते हुए किसानों को समय पर सलाह देना, पंचायत स्तर पर सक्रिय

भागीदारी और योजनाओं का लाभ सीधे गांवों तक पहुंचाना है। इससे पहले, श्री चौहान ने झारखण्ड समेत सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से इस अभियान में उनकी भागीदारी के लिए बात की है।

********************

खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा और खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा ने आज मुरहू स्थित एक आवासीय विद्यालय परिसर में 50 शैय्या वाले छात्रावास निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सांसद ने बताया कि कल्याण विभाग की ओर से लगभग दो करोड़ 25 लाख रुपये की राशि से इस छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा।

********************

जमशेदपुर के ग्रेजुएट कॉलेज परीक्षा केंद्र पर आज बीएड, एमएड और बीपीएड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के दौरान कई अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं मिलने पर विरोध प्रदर्शन हुआ। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि दस्तावेज जांच में देरी के कारण वे समय पर परीक्षा कक्ष तक नहीं पहुंच सके और उन्हें परीक्षा से वंचित कर दिया गया।

********************

हजारीबाग से सांसद मनीष जयसवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष देश के विकास और आत्मनिर्भरता के लिए मील का पत्थर साबित हुए हैं। हजारीबाग में पत्रकारों से बातचीत में आज सांसद ने कहा कि विभिन्न केंद्रीय योजनाओं से समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचा है।

********************

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर गुमला सदर अस्पताल परिसर में आज जिले के उपायुक्त दिलेश्वर महतो ने तंबाकू नशा मुक्ति अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनजागरूकता के लिए प्रचार–प्रसार करने वाले रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

********************

पलामू जिले से पुलिस ने एक आपराधिक गिरोह के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने बताया कि ये अपराधी एक निजी कंपनी के कैंप पर गोलीबारी करने की योजना बना रहे थे।

********************

बोकारो जिले में 25 वर्षीय एक महिला की कथित हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी की झारखंड इकाई ने दावा किया है कि महिला चार महीने की गर्भवती थी और उसकी हत्या की गई है।

********************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकतर जिलों में छह जून तक गर्जन, वज्रपात और तेज हवाएं चलने की आशंका जताई है। मौसम विभाग ने इस दौरान आम लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। विभाग के अनुसार, कल राज्य के उत्तर–पश्चिमी जिलों को छोड़कर अधिकतर क्षेत्रों में गर्जन और वज्रपात होने की संभावना है। वहीं, दो, तीन और चार जून को उत्तर–पश्चिमी तथा उत्तरी जिलों को छोड़कर राज्य के शेष भागों में गरज के साथ बारिश, आकाशीय बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

********************

जामताड़ा के गांधी मैदान में चल रहे 20वीं राज्य स्तरीय तीन दिवसीय बालिका खो–खो प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में आज रांची की टीम ने प्रतियोगिता जीत ली। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों की 18 टीमों ने भाग लिया था।

**********************

गुजरात के अहमदाबाद में आईपीएल क्रिकेट के फाइनल में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला गुजरात टाइटन्स से होगा। यह मैच अब से कुछ देर बाद शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा।

**********समाप्त**********